राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल स्वास्थ्यकर्मियों का हौसला बढ़ायेंगे

जयपुर, 21 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार 22 मार्च को किसी भी आगुन्तक से नही मिलेंगे। राज्यपाल राजभवन में अपने निवास पर ही रहेंगे।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री द्वारा आव्हान किये गए जनता कर्फ्यू का समर्थन किया है। राज्यपाल रविवार को सायं 5 बजे राजभवन में अपने निवास मुख्य भवन के द्वार पर आयेंगे। श्री मिश्र अपने निवास के द्वार पर खड़े होकर थाली बजायेंगे और कोरोना वायरस से बचाव में जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों का हौसला बढ़ायेंगे।

श्री मिश्र अपने राजकीय निवास पर रहकर प्रदेश में कोरोना वायरस से बचाव के लिए चल रहे जागरूकता कार्यक्रमों की लगातार मॉनिटिरिंग कर रहे है व अधिकारियों को आवश्यकतानुसार निर्देश दे रहे हैं। श्री मिश्र का प्रयास है कि राज्य में कोरोना वायरस ना फैलें। लोगों में इस वायरस से बचाव के लिए जागरूकता आये।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान